# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

ज्ञान शांति मैत्री

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**Ph. No. 07152-230902, 255707; website-www.hindivishwa.org**


## शुद्धिपत्र - 02

विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक पदों हेतु दिनांक 30.07.2019 को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hindivishwa.org पर तथा दिनांक 17 से 22 अगस्त, 2019 के 'रोजगार समाचार' में जारी किए गए **विज्ञापन संख्या एम.जी.ए.एच.वी./08/2019** में निम्नानुसार संशोधन किए जाते हैं:

1. **Position Code-27 पर सहायक प्रोफेसर का विज्ञापित पद बॉम्बे उच्च न्यायालय, नागपुर खंडपीठ, नागपुर के समक्ष विचाराधीन होने के कारण इस पद की चयन प्रक्रिया स्थगित की जाती है।**
2. **उपर्युक्त क्रम-1 के परिप्रेक्ष्य में अब तक जिन आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किए गए हैं, उन्हें जमा किया गया आवेदन शुल्क विश्वविद्यालय द्वारा लौटाया जाएगा। इस हेतु संबंधित आवेदक कृपया अपना बैंक खाता विवरण (खाता संख्या, बैंक एवं शाखा का नाम तथा आय.एफ.एस.सी. कोड आदि) मेल आई.डी.** estt.mgahv@gmail.com **पर अपने आवेदन क्रमांक सहित भेजें।**
3. **Position Code-4** के अंतर्गत प्रोफेसर के पद को **School of Culture** के स्थान पर **School of Humanities & Social Sciences** में तथा **Position Code-5** के अंतर्गत प्रोफेसर के पद को **School of Culture** में पढ़ा जाए।
4. **Position Code-15** और **28** में उल्लिखित स्नातकोत्तर उपाधि के विषय समान माने जाएँगे। (इन्हें History/ Sociology/Political Science/ Economics/ Dalit and/or Tribal Studies पढ़ा जाए।)
5. शिक्षा विद्यापीठ के तहत **Position Code-31** से **42** पर उल्लिखित सहायक प्रोफेसर के पदों के लिए निर्धारित विषयों में शारीरिक शिक्षा (Physical Education) भी सम्मिलित रहेगा।
6. प्रोफेसर एवं एसोशिएट प्रोफेसर के पदों हेतु UGC Regulation 2018 के अनुसार API स्कोर हेतु वेबसाइट पर प्रपत्र अद्यतन किया जा रहा है। तदनुसार अभी तक जिन आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन भरा गया है, वे अपना अद्यतन विवरण पुनः भरें और डाक से भी भिजवाना सुनिश्चित करें।
7. उक्त विज्ञापन रोजगार समाचार पत्र में दिनांक 17.08.2019 को प्रकाशित हुआ है। इसके परिप्रेक्ष्य में **ऑनलाइन आवेदन करने की** अंतिम तिथि दिनांक 06.09.2019 रात्रि 11:59:59 बजे होगी परन्तु उपर्युक्त क्रम-6 के अनुसरण में **अंतिम तिथि दिनांक 13.09.2019 की जाती है।** तदनुसार जो आवेदक पहले से सेवा में हैं, उनके द्वारा उचित माध्यम से आवेदन साक्षात्कार की तिथि तक विश्वविद्यालय के पते पर पहुँच जाने चाहिए अथवा साक्षात्कार के दिन उन्हें अपने नियोक्ता से No Objection Certificate एवं Vigilance Clearance Certificate सीलबंद लिफाफे में लाना होगा। अन्य सभी आवेदक सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन आवेदन भरने के साथ-साथ उनके आवेदन की प्रति संबंधित अनुलग्नक सहित केवल स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से दिनांक 13.09.2019 सायं 5:30 बजे तक विश्वविद्यालय के पते पर अवश्य पहुँच जाए।

**सूचना :**

i. शिक्षा विद्यापीठ के तहत Position Code-31 से 42 पर चिन्हित पदों से संबंधित किसी भी श्रेणी के आवेदकों को एक ही आवेदन भरना होगा।

ii. दिव्यांग श्रेणी के आवेदक संबंधित श्रेणी के अंतर्गत भारत सरकार/यू.जी.सी. के नियमानुसार आरक्षण के पात्र होंगे।

iii. आवेदन भरने से पूर्व आवेदक कृपया सुनिश्चित करें कि वे विज्ञापन तथा यू.जी.सी विनियम 2018 के अनुसार पदों हेतु अपेक्षित अर्हता पूरी करते हैं।

iv. इस संदर्भ में कोई जानकारी स्पष्ट न होने/अपेक्षित होने पर आवेदक कार्य दिवसों (सोमवार से शुक्रवार) में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:30 बजे तक निम्नानुसार संपर्क कर सकते हैं -

- आवेदन भरने संबंधी किसी भी प्रकार की तकनीकी जानकारी हेतु -दूरभाष नं. 07152-230743 पर तथा
- अन्य समस्त जानकारी हेतु - दूरभाष नं. 07152-255707 या estt.mgahv@gmail.com पर मेल द्वारा।

विज्ञापन में शेष विवरण यथा- योग्यता, अनुभव तथा अन्य निबंधन एवं शर्तें यथावत रहेंगी जो विश्वविद्यालय के दिनांक 30.07.2019 को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.hindivishwa.org पर दिए गए विज्ञापन संख्या : एम.जी.ए. एच.वी./08/2019 तथा दिनांक 05.08.2019 को जारी किए गए शुद्धिपत्र-1 में थीं।

दिनांक: 27.08.2019

कुलसचिव